## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति भवन में आज राजाजी उत्सव के दौरान भारत के पहले गवर्नर–जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।
- श्री विजयपुरम में आज से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय स्तर का रिवर्स बायर–सेलर मीट और एक्सपो' का आयोजन किया जा रहा है।
- नई दिल्ली में आयोजित होने वाले SATTE 2026 में सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय शामिल होगा।
- देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर के वार्षिक पूजा अवसर पर आज और कल यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति भवन में आज राजाजी उत्सव मनाया जाएगा। अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर–जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह स्थापित की जाएगी। श्री मोदी ने सी. राजगोपालाचारी को उन नेताओं में से एक बताया जिन्होंने सत्ता को पद नहीं, बल्कि सेवा का रूप माना। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के बाद भी ब्रिटिश प्रशासकों की प्रतिमाओं को राष्ट्रपति भवन में रहने दिया गया, जबकि भारत के महानतम सपूतों को स्थान नहीं दिया गया। राजाजी उत्सव के दौरान कल से पहली मार्च तक सी. राजगोपालाचारी पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उत्पादों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आज और कल मेगापोड रिसॉर्ट में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय स्तर का रिवर्स बायर–सेलर मीट और एक्सपो' आयोजित किया जा रहा है। कृषि, उद्योग और मत्स्य पालन विभाग द्वारा इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में द्वीपों के प्रगतिशील किसान, कृषि–बागवानी उद्यमी, मछुआरे, स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम और स्टार्टअप्स भाग ले रहे हैं। इस दौरान बिजनेस–टू–बिजनेस संवाद के साथ, द्वीपों के विविध और अद्वितीय उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित पुस्तक मेला–2026 में अंडमान निकोबार पुलिस की पुलिस मनोरंजन टीम और ब्रास बैंड ने भाग लेते हुए देशभक्तिपूर्ण संगीत और सामाजिक विषयों पर आधारित कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। टीम ने सामाजिक मुद्दे जैसे सड़क सुरक्षा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, शराब के सेवन और साइबर अपराध जैसे गंभीर विषयों पर संदेश दिए।

<><><><><><><>

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी 'नई चेतना 2.0' अभियान के तहत, मंगलुटान के सामुदायिक भवन में लैंगिक भेदभाव और लिंग आधारित हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फरारगंज सीडी ब्लॉक के तहत रोजरी विलेज ऑर्गनाइजेशन और कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन्स के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम के दौरान समाज में व्याप्त विभिन्न संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें हिंसा के स्वरूप, रिपोर्टिंग को प्रोत्साहन, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम और घरेलू हिंसा के विरुद्ध जागरूकता शामिल था। विभिन्न विभागों के वक्ताओं ने प्रतिभागियों को कानूनी और सामाजिक सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत प्रशासन ने श्री विजयपुरम तहसील के अंतर्गत कई स्थानों पर बेदखली की कार्रवाई की है, जिसके परिणामस्वरूप अनधिकृत कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया है। इस सिलसिले में कल स्कूल लाइन और ग़ाराचरमा गांवों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान, राजस्व अधिकारियों ने स्कूल लाइन गांव में सरकारी भूमि पर लगाई गई बाड़ और 01 अस्थायी ढांचे को हटाया। इसके साथ ही, अटमपहाड़ में टिन–शेड से बने अस्थायी ढांचों को भी हटाया गया। जिला राजस्व अधिकारियों द्वारा लगभग 2,200 वर्ग मीटर सरकारी राजस्व भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अनधिकृत कब्जों से दूर रहने की अपील की है। साथ ही उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय दक्षिण एशिया के प्रतिष्ठित पर्यटन आयोजन SATTE 2026 में भाग लेने जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 से 27 फरवरी तक Yashobhoomi, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस संदर्भ में निदेशालय द्वारा द्वीपसमूह के पंजीकृत टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स और अन्य

हितधारकों से आवेदन मांगे गए है। इच्छुक प्रतिभागी आज दिन में साढ़े ग्यारह बजे तक निदेशालय में अपना आवेदन जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

ऑस्टिनाबाद स्थित देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर में चल रहे वार्षिक पूजा के मद्देनजर, दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और भीड़भाड़ को रोकने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत आज सुबह आठ बजे से रात 8 बजे तक प्रातरापुर जंक्शन, मजारपहाड़ जंक्शन, न्यू पहाड़गाँव और कार्बाइंस चौक से देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर की ओर किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके स्थान पर पत्थर गड्ढा जंक्शन से पुराने सपना थिएटर होते हुए कार्बाइंस चौक तक जाने वाली सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए खुली रहेगी। भातुबस्ती से ब्रुक्शाबाद और चक्करगांव आने–जाने वाले वाहनों को पत्थर गड्ढा जंक्शन से पुराने सपना थिएटर होते हुए कार्बाइंस चौक का उपयोग करना होगा। कल भी सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक महा अन्नदानम को देखते हुए प्रातरापुर जंक्शन और कार्बाइंस चौक से देवी श्री मुत्तुमारियम्मन मंदिर की ओर किसी भी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से मक्कापहाड़ स्थित पशु चिकित्सा उप–औषधालय में हाइड्रोपोनिक चारा उत्पादन और अजोला पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन ग्राम पंचायत बिडनाबाद के सरपंच ने किया। उन्होंने चारे की कमी को दूर करने और पशुधन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए इस पहल की सराहना की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक और कम लागत वाली तकनीकों से अवगत कराना था। इस अवसर पर रंगाचांग पशु चिकित्सा औषधालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने हाइड्रोपोनिक चारा तैयार करने की विधि, बीज, स्थान और पानी तथा स्वचालन के विकल्पों, चारे के विकास के चरण, स्वच्छता प्रोटोकॉल और बायोमास पैदावार और पोषण तथा लाभ के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

मायाबंदर के सीडी ब्लॉक की ओर से हाल ही में एक पशु शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को तत्काल पशु चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर के दौरान

पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए, जिसमें बीमार पशुओं का मौके पर ही इलाज और दवाएं वितरित करना, टीकाकरण और कृमि मुक्ति और गायों की पहचान के लिए उनकी टैगिंग करना शामिल था। इस अवसर पर बिल्लीग्राउंड के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पारीक ने अपने संबोधन में आजीविका सुदृढ़ीकरण और समय पर पशु चिकित्सा सहायता के महत्व पर जानकारी देते हुए प्रतिभागियों से आर्थिक लाभ के लिए पशुपालन की उन्नत पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। इस शिविर में 29 स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। ये अभ्यास कल, 26, 28 फरवरी तथा 3 एवं 7 मार्च को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को स्वयं तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>